प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 13.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. कोलकाता मं डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदेश में रेजिडेंट डॉक्टर्स का प्रदर्शन जारी : कई जगहों पर ओपीडी सेवाए हुई प्रभावित।
2. राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज लखनऊ में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 22वे दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दिये पदक।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित एक हजार 36 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र।

और

4. हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदेश में निकाली जा रही हैं तिरंगा यात्राएं : मुख्यमंत्री ने कहा– एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक है तिरंगा।

————————

कोलकाता में चिकित्सक की हत्या के विरोध में लखनऊ के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के दूसरे मेडिकल कॉलेजों में रेजिडेंट डॉक्टरों का प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी रहा। रेजिडेंट डॉक्टर इस मामले में न्याय के साथ ही डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सरकार से सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग कर रहे हैं।

केजीएमयू में जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन के चलते ओपीडी की सेवाएं वरिष्ठ चिकित्सकों के हवाले रहीं, जबकि इमर्जेन्सी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। जूनियर चिकित्सकों के समर्थन में केजीएमयू का टीचर्स एसोसिएशन भी आ गया है। वहीं डा.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में भी जूनियर डाक्टर हड़ताल पर हैं। इस वजह से लोहिया संस्थान में भी ओपीडी सेवाएं प्रभावित हैं, जबकि इमर्जेन्सी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। जूनियर डाक्टरों के हड़ताल पर जाने के कारण लोहिया संस्थान प्रशासन ने अवकाश पर गये चिकित्सकों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और उन्हें संस्थान पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं।

इसी तरह आगरा, झांसी, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी के चिकित्सकीय संस्थानों, मेडिकल कालेजों में डाक्टरों ने प्रदर्शन किया।

———————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज लखनऊ में डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 22वें दीक्षांत समारोह में मेधावियों को पदक प्रदान किये। समारोह में कुल 91 मेधावियों को पदक दिये गये, जिनमें 39 स्वर्ण, 27 रजत और 25 कान्स्य पदक शामिल हैं। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये मानव संसाधन राष्ट्र निर्माण मे अपना योगदान देंगे। राज्यपाल ने कहा कि हमें बांग्लादेश के हाल से सीख

लेनी चाहिए। हमें बच्चों को शस्त्र नहीं शास्त्र सिखाना है। हमें उनको संस्कार और परंपरा से रूबरू कराना है।

दीक्षांत समारोह में अलग–अलग पाठ्क्रमों के 47 हजार 269 छात्रों को डिग्रियां दी गईं, जबकि 46 छात्रों को पीएचडी की डिग्री दी गई।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली में कल केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ हुई बैठक में उत्तर प्रदेश के लिये 10 राष्ट्रीय मार्ग बनाने का प्रस्ताव रखा। राष्ट्रीय राजमार्गों की जरूरतों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग पूरब को जोड़ने वाले हैं। उन्होंने उत्तर से दक्षिण को जोड़ते हुए नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसमें कुछ कारिडोर उत्तर प्रदेश नेपाल राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक में 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ से संबंधित परियोजनाओं को दिसम्बर 2024 तक पूरा करने की बात कही, जिसमें प्रयागराज रिंग रोड भी शामिल है। इसके साथ ही 14 जिलों में नये बाईपास बनाने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग–यूपीपीएससी से चयनित

एक हजार 36 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह सभी अभ्यर्थी चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समेत अन्य विभागों में चयनित हुए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री न कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदशर्न में उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन करने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सात वर्ष पहले तक युवा नौकरी और रोजगार के लिए प्रदेश के बाहर कहीं जाते थे तो उनके सामने पहचान का संकट खड़ा हाता था लेकिन आज प्रदेश की छवि बेहतर हुई है। उत्तर प्रदेश ने नवाचार की दिशा में जो कदम बढ़ाए हैं, आज देश के अंदर उनकी डिमांड है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश विकास करेगा तो इसका सीधा लाभ देश को प्राप्त होगा। बाइट....

*अगर आपकी आकांक्षा के अनुरूप आपको नियुक्ति की प्रक्रिया के साथ जोड़ करके सरकारी नौकरी मिली है तो आप भी वहां पर जो सबसे अच्छा हो सकता है उसको परफॉर्म करने के लिए अपने आप को तैयार है। उत्तर प्रदेश विकास करेगा। विकास के नए—नए सोपान को छुएगा। इस विकास का सीधा लाभ देश को प्राप्त होगा और अगर प्रधानमंत्री मोदी जी की मंशा के अनुरूप दो हजार सैंतालीस तक भारत को एक विकसित भारत के रूप में स्थापित करना है तो हमें इसके लिए इसकी शुरूआत उत्तर प्रदेश में करनी होगी।*

————————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सु़न रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

और अब वक्त है एक ब्रेक का

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए तिरंगा यात्राएं निकालो जा रही हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्ष पहले आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़कर सभी ने पंच प्रण का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने इस अभियान को 4.50 करोड़ घरों तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। बाइट.........

*प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा को साढ़े चार करोड़ घरों तक पहुँचाने के वृहद संकल्प को हाथ में लिया है। उत्तर प्रदेश के अंदर तिरंगा यात्रा जिस उत्साह के साथ युवा मोर्चा के उत्साही कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के मार्गदर्शन में निकाल रहे*

*हैं। छात्रों के द्वारा व्यवसायियों के द्वारा तमाम सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों के द्वारा इस अवसर पर जो उत्साह दिखाया जा रहा है ये नए भारत का दर्शन करता है क्योंकि तिरंगा एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक है।*

इसी क्रम में आज कानपुर में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। वहीं जौनपुर, मेरठ, बलरामपुर, मिर्जापुर, अयोध्या, हापुड़, आगरा में तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपोल की गई।

————————

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज पीलीभीत में सब्जियों से भरे ट्रक को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि जनपद में उत्पादित सब्जियां खाड़ी देशों तक निर्यात की जाएंगी। इसके लिए निर्यातकों को उनका मंत्रालय हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। इससे पहले केंद्रीय राज्यमंत्री ने निर्यातक जागरूकता सम्मेलन को संबोधित किया। श्री प्रसाद ने कहा कि सब्जियों व अन्य स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजार तक भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने बेहतर काम करने वाले कई निर्यातकों को सम्मानित भी किया।

————————

पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती की पुर्नपरीक्षा 23 से 31 अगस्त क बीच कराने के कारण

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपनी तीन भर्ती परीक्षाओं को टाल दिया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार की ओर से कल संशोधित तिथि जारी की गई। अब होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 15 सिंतबर को प्रथम एवं द्वितीय सत्र में होगी। वहीं होम्योपैथिक आवासीय चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 18 सितंबर को कराई जायेगी। इसके अलावा सहायक नगर नियोजन 2023 मुख्य परीक्षा 25 सितंबर को कराई जायेगी। चिकित्साधिकारी यूनानी 2023 स्क्रीनिंग परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि छह अक्टूबर को होगी।

————————

सुल्तानपुर क एमपी एमएलए कोर्ट ने आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत 6 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरेंट जारी कर दिया है। इसमें समाजवादी पार्टी क पूर्व विधायक अनूप संडा का नाम भी शामिल है। कोर्ट ने पिछले सप्ताह मामले में सजा सुनाने के बाद शुक्रवार तक सरेंडर करने का समय दिया था, लेकिन कोई सरेंडर करने नहीं पहुंचा। ऐसे मं अब गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। अब इस मामले में 20 अगस्त को सुनवाई होगी।

(समाप्त)